**Chapter – 1 "ये पल जाते यही ठहर"**

मौखिक

1)कविता में किन दिनों की बात हो रही है?

*-कविता में बचपन के दिनों की बात हो रही है।

2)बचपन में कवि किस बात पर रूठता था?

*-टॉफ़ी - बिस्कुट के लिए कवि बचपन में रूठता था।

3)क्या आप भी कटी पतंग के पीछे भागते हैं? (their own answer)

4)कवि बचपन में किससे कहानियाँ सुना करते थे?

*-कवि बचपन में दादी माँ से कहानियाँ सुना करते थे।

लिखित उत्तर

क) बचपन में आँधी आने पर कवि क्या करते थे?

*-आँधी आने पर बचपन में कवि छिपकर बगीचे से आम चुराते थे।

ख) बारिश के मौसम में कवि को क्या - क्या करना अच्छा लगता है?

*-बारिश के मौसम में कवि को बारिशों में भीग कर नहाना , इधर - उधर फिसलना और गिरना अच्छा लगता है।

ग) आप कहानी सुनने के लिए क्या करते हैं? (their own answer)

घ) कविता में बचपन के किन क्षणों को ठहरने के लिए कहा गया है?

*-कविता में बचपन के शरारत से भरे क्षणों को ठहरने के लिए कहा गया है।

## Chapter :2 "बीज बचाओ"

मौखिक

1) किसान किस फसल को उगाने के लिए चिंतित हैं ?

_किसान कपास की फसल को उगाने के लिए चिंतित हैं।

2)किसान बीजों को लेकर क्यों परेशान हो रहे हैं?

_किसान बीजों को लेकर परेशान हो रहे हैं क्योंकि गाँवों में स्थानीय और जैविक बीज मिलना मुश्किल है।

3)बुआई के लिए किसान कैसा बीज चाहते हैं?

_बुआई के लिए किसान ऐसा बीज चाहते हैं जो गाँव की मिट्टी में आसानी से उगे और मौसम के लिए उपयुक्त हो।

4)बीज बैंक शुरू करने का विचार किसके मन में आया?

_बीज बैंक शुरू करने का विचार नबिता के मन में आया ।

*लिखित....

क) बीज बैंक में कितने प्रकार के बीज जमा किए जाते हैं?

_बीज बैंक में तीन प्रकार के बीज यथा, पुराने बीज, स्थानीय बीज और जैविक बीज जमा किए जाते हैं।

ख) सुमती अपना कर्ज़ कैसे चुकाती है?

_सुमती बीज बैंक में डेढ़ किलो कपास के बीज जमा करके अपने कर्ज़ को ब्याज़ के साथ चुकाती है।

ग) हाईब्रिड या संकर बीज किसे कहते हैं?

_फसल के बाद जिन बीजों को दोबारा बोया नहीं जाता उन्हें हाईब्रिड या संकर बीज कहते हैं।

घ) चेतना आर्गेनिक समूह किस प्रकार की संस्था है?

_चेतना आर्गेनिक समूह एक ऐसी संस्था है जो किसानों को अपने कपास और दूसरे बीज को बचाने के लिए एक बीज बैंक शुरू करने में मदद करती है।

## Chapter - 3" मेरी मातृभाषा क्या है? "

*बातों - बातों में :

1)ज़ेविली के स्कूल में कौन - सा दिवस जा रहा है?

-ज़ेविली के स्कूल में भाषा दिवस मनाया जा रहा है।

2)मातृभाषा क्या होती है?

-हम जो भाषा घर पर बोलते हैं, वही हमारी मातृभाषा होती है।

3)ज़ेविली की मातृभाषा क्या है?

-ज़ेविली की मातृभाषा सूमी है।

4)बच्चों को कौन - सी पोशाक पहनकर अपना परिचय देना है?

-बच्चों को अपनी परंपरागत पोशाक पहनकर अपना परिचय देना है।

*दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क) कौन - सी भाषाएँ नागा के अलग - अलग भाषा समुदाय का हिस्सा है?

-आओ, लोथा, कोन्याक, यिमंछुगरु, तांग्खुल, और सूमी जैसी भाषाएँ नागा के अलग - अलग भाषा समुदाय का हिस्सा है।

ख) ज़ेविली ने इपु से क्या पूछा?

-ज़ेविली ने इपु से पूछा कि, क्या कक्षा में सिर्फ वह ही अकेली अंग्रेज है?

ग) युनेस्को ने किन भाषाओं व बोलियों को खतरे में सूचीबद्ध किया है?

-युनेस्को ने नागालैंड और उसके आस-पास के क्षेत्रों के 50 से अधिक अलग - अलग लुप्तप्राय नागा भाषाओं व बोलियों को खतरे में सूचीबद्ध किया है।

## Chapter - 4 "समुद्र - तट सफ़ाई अभियान"

**बातों - बातों में :

1) आरज़ू को दुनिया में कौन - सा स्थान सबसे अधिक पसंद है?

_ आरज़ू को दुनिया में किसी भी स्थान से समुद्र - तट सबसे अधिक पसंद है।

2) आरज़ू समुद्र - तट पर क्या - क्या कर सकती है?

_आरज़ू समुद्र - तट पर अपने पसंदीदा जीवों को देख सकती है, मन पसंद खेल खेल सकती है और नारियल पानी भी पी सकती है।

3) आरज़ू ने ताता के पास कौन - सी तसवीर देखी?

_आरज़ू ने ताता के पास एक सुंदर साफ़ - सुथरे समुद्र - तट की तसवीर देखी।

4) बच्चों ने कितने किलो कचरा इकट्ठा किया?

_ बच्चों ने 120 किलो कचरा इकट्ठा किया।

**दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

क) आरज़ू के सबसे अच्छे दोस्त का नाम क्या है और वो उसके साथ कहाँ जाती थी?

_आरज़ू के सबसे अच्छे दोस्त का नाम उम्मीद है और वो उसके साथ समुद्र - तट जाती थी।

ख) ताता ने समुद्र के बारे में कौन - सी बातें बताईं?

_ ताता ने समुद्र के बारे में यह बताया कि वे उसी समुद्र - तट पर बड़े हुए थे, उस समय यह समुद्र साफ़ - सुथरा था। वे नंगे पाँव खेलते थे और काँच और कचरे की चिंता किए बिना रेत पर झपकी लेते थे।

ग) सभी बच्चों ने आरज़ू की कहानी सुनकर क्या निर्णय लिया?

_ सभी बच्चों ने आरज़ू की कहानी सुनकर समुद्र - तट की सफ़ाई करने का निर्णय लिया।

घ) आरज़ू ने नक्शे में क्या बनाया?

_आरज़ू ने नक्शे में पूरे समुद्र - तट का नक्शा बनाया और उसे चार बराबर भागों में बाँट दिया।

## Chapter - 5 "एक की ताकत"

*बातों - बातों में :

1)मुठ्ठी कैसे बनती है?

_एक - एक उँगली जुड़कर मुठ्ठी बनती है।

2) किसके मिलने से महाकाल बन जाता है?

_एक - एक क्षण मिलने से महाकाल बन जाता है।

3) भाषा, जाति और धर्म की भिन्नता होते हुए भी हमारा देश कैसा है?

_भाषा, जाति और धर्म की भिन्नता होते हुए भी हमारा देश सुंदर और महान है।

4) किस कार्य को करने से तुम बड़े बन सकते हो?

_आलस त्यागकर हर एक पल की कीमत को समझने से हम बड़े बन सकते हैं।

**दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

क) लघु कर मिलने से क्या बनता है?

_लघु कर मिलने से हाथ बनता है।

ख) कविता पढ़कर आपने क्या - क्या सीखा?

_ कविता पढ़कर हमने सीखा कि हमें अपना स्वार्थ त्यागकर एकजुट होना चाहिए और अपने आसपास और देश के हित के लिए हमें मिलजुलकर रहना चाहिए।

ग) हमारा हिंदुस्तान कैसे बना है?

_ एक - एक भारतवासी को मिलाकर हमारा हिंदुस्तान बना है।

घ) फुलवारी कब महक उठती है?

_ जब एक - एक फूल खिलते हैं, तब फुलवारी महक उठती है।

## Chapter - 7 "इंटरनेट के जाल में फंसा कुणाल"

**बातों - बातों में :

1)कुणाल को उसकी मम्मी ने क्या चेतावनी दी?

_कुणाल को उसकी मम्मी ने यह चेतावनी दी कि मोबाइल फ़ोन बहुत देर तक देखने से वह उसे अंदर खींच लेगा।

2)प्लेटफॉर्म वाली महिला किसमें व्यस्त थी?

_प्लेटफॉर्म वाली महिला रेलगाड़ियों की दिशा - निर्देश देने में व्यस्त थी।

3)पैकेट स्विचिंग प्रणाली के बारे में टीसीपी आंटी ने कुणाल को क्या बताया?

_ पैकेट स्विचिंग प्रणाली के बारे में टीसीपी आंटी ने कुणाल को बताया कि, सबसे पहले वे कुणाल को कुछ हजार टुकड़ों में तोड़ेंगे, फिर वे उसके सारे टुकड़ों को विभिन्न मार्गों द्वारा भेजेंगे और बाद में वहाँ उसे दोबारा जोड़ देंगे।

4) कुणाल के घर लौटने पर उसकी माँ ने उसे क्या समझाया?

_कुणाल के घर लौटने पर उसकी माँ ने उसे समझाया कि उसे इंटरनेट के बारे में पढ़कर समझना चाहिए तथा उसके अंदर नहीं खोना चाहिए।

5)डेटा एक जगह से दूसरी जगह कैसे जाता है?

_Answer from book - page no :62---63

**दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

क) अचानक कुणाल के साथ क्या हुआ?

_अचानक कुणाल मोबाइल फोन की स्क्रीन के अंदर खींच लिया गया।

ख) टीसीपी आंटी क्या कर रही थी?

_टीसीपी आंटी इंटरनेट के माध्यम से डेटा का पथ - निर्धारण कर रही थी।

ग) कुणाल की मम्मी ने टीसीपी आंटी से क्या पूछा?

_कुणाल की मम्मी ने टीसीपी आंटी से पूछा कि वह अपने कंप्यूटर पर जो वेबसाइट चलाती है, क्या टीसीपी आंटी उसे ढूँढ पाएँगी?

घ) इंटरनेट क्या है? इसके बारे में लिखिए।

_Answer from book page no- 62